अमर उजाला

Kaushambi News: नकली सीमेंट फैक्टरी का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

मंझनपुर। सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार को नकली सीमेंट फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गौसपुर टिकरी के समीप बनाई जा रही नकली सीमेंट बरामद की, जिन्हें अन्य कंपनियों की बोरियों में भरकर सप्लाई किया जाता था। मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया है।

इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि गौसपुर टिकरी के समीप स्थित एक ढाबे के पास विभिन्न कंपनियों के नाम से नकली सीमेंट बनाई जाती है। रविवार को सूचना मिली की मौके पर सीमेंट बनाई जा रही है।

सटीक सूचना पर टेवां चौकी प्रभारी अजीत सिंह ने टीम के साथ बताए गए स्थान पर छापा मारा। मौके से प्रिज्म चैंपियन, प्लस सीमेंट की नौ बोरी और 39 बोरी अल्ट्राटेक सीमेंट बरामद हुई। खाली रैपर और 25 किग्रा जमीन में खुली नकली सीमेंट भी बरामद की गई।

पुलिस ने कारखाने में मौजूद सोनू चौरसिया उर्फ पारस चौरसिया निवासी पश्चिम कोड़र, रंजीत कुमार सोनकर निवासी छेकवा कनैली थाना सरायअकिल, रविकरन लोधी निवासी अर्जलीपुर थाना मंझनपुर व रमाधीन लोधी निवासी पूरब सरावां थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया।

पकड़ा गया सोनू वर्ष 2018 में भी नकली सीमेंट बनाने के मामले में जेल जा चुका है। सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय भेजा गया। कोर्ट ने चारों को जेल भेज दिया है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kaushambi/fake-cement-factory-busted-four-arrested-kaushambi-news-c-261-1-sald1003-4632-2023-10-30